चट्टी-बरियातू कोयला खनन परियोजना में खनन कार्य शुरू

चर्चा में क्यों?

21 मई, 2022 को एनटीपीसी लिमिटेड की चट्टी-बरियातू कोयला खनन परियोजना ने लगभग 7 मीटर की गहराई तक खुदाई के बाद कोयला सीम **(Coal Seam)** को छूकर एक और मील का पत्थर हासिल किया है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि एनटीपीसी लिमिटेड की चट्टी-बरियातू कोयला खनन परियोजना ने 25 अप्रैल, 2022 को अपना खनन कार्य शुरू किया था।
- इसके साथ ही बॉक्स-कट की खुदाई भी शुरू हो गई है, जिससे जुलाई 2022 से कोयला उत्पादन शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा।
- चट्टी-बरियातू शीघ्र ही पकरी बरवाडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली के साथ एनटीपीसी की कोयला उत्पादक खदानों की लगातार बढ़ती हुई सूची में शामिल हो जाएगा।
- अपने चरम पर चट्टी-बरियातू कोयला खनन परियोजना प्रति वर्ष 7 मिलियन टन कोयले का उत्पादन करेगी और एनटीपीसी के बाढ़ एसटीपीपी (चरण-II) को कोयले की आपूर्ति करेगी।
- इस खनन परियोजना से कोयला उत्पादन शुरू होने के साथ यह एनटीपीसी की कोयला खदानों से कोयले के उत्पादन में और इज़ाफा करेगी, जिसने पिछले वित्त वर्ष के दौरान उत्पादित 11 मिलियन टन की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में 14 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है और 27% की सालाना वृद्धि दर्ज की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mining-work-begins-in-chatti-bariatu-coal-mining-project